# मूलमंत्र मैं तुम्हें बताऊं आजमाया है मेरा

मूलमंत्र मैं तुम्हें बताऊं,
आजमाया है मेरा,
बाबा तू मेरा मैं तेरा,
तू मेरा मैं तेरा।**bd**।

---

श्याम नाम की ज्योति दिल में,
सदा जलाये रखना,
श्यामधणी की प्यारी सुरत,
दिल में सदा बसाये रखना,
डोले ना तेरी जीवन नैया,
पार लगेगा बेड़ा,
बाबा तू मेरा मैं तेरा,
तू मेरा मैं तेरा।**bd**।

---

हारे का वो बने सहारा,
पर तुम हार के जाना,
प्रेमी के दु :ख हरने वाले,
श्यामधणी को मनाना,
श्याम के आगे कहने से,
क्या घटेगा तेरा,
बाबा तू मेरा मैं तेरा,
तू मेरा मैं तेरा।**bd**।

---

दीपक दीवाना ने भी,
इस मंत्र को अपनाया,
जो लिखा है जो गाया,
सब श्याम ने करवाया,
कीर्तन में अब शोर मचा है,
सब तेरा सब तेरा,
बाबा तू मेरा मैं तेरा,
तू मेरा मैं तेरा।**bd**।

---

मूलमंत्र मैं तुम्हें बताऊं,
आजमाया है मेरा,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

बाबा तू मेरा मैं तेरा,
तू मेरा मैं तेरा।bd।

गायक – दीपक दीवाना।
**8053184715**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com